Seat No. : _______________

MB-137

March-2019

B.A., Sem.-V

CC-301 : Hindi
(Kavyashastra)

Time : 2:30 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचनाएँ : (1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्धारित क्रम के अनुसार ही लिखें ।

(2) निम्नलिखित प्रश्न क्रमांक 1 और 2(ब) में से किन्हीं **चार** तथा प्रश्न क्रमांक 3 और 4(ब) में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर विकल्प चुनकर या एक-दो वाक्य में दीजिए ।

1. (अ) काव्य-प्रयोजन उदाहरण सहित समझाइए । **14**

अथवा

काव्य का स्वरूप स्पष्ट करते हुए काव्य हेतु एवं काव्य गुण पर चर्चा कीजिए ।

(ब) सही विकल्प चुनकर तथा **एक-दो** वाक्य में उत्तर दीजिए : **4**

(1) काव्य हेतु पर विचार व्यक्त करनेवाले सर्वप्रथम आचार्य कौन हैं ?

(a) आ. भामह (b) आ. वामन

(c) आ. रुद्रट (d) आ. कुंतक

(2) आ. भामह किस वाद के समर्थक थे ?

(a) रसवाद (b) अलंकारवाद

(c) ध्वनिवाद (d) वक्रोक्तिवाद

(3) इनमें से 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' परिभाषा किसकी है ?

(a) आ. रुद्रट (b) आ. भामह

(c) आ. मम्मट (d) आ. विश्वनाथ

(4) 'नाट्यशास्त्र' के रचयिता कौन हैं ?

(5) 'काव्य प्रकाश' किसका ग्रंथ है ?

(6) 'रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यम्' किसकी परिभाषा है ?

2. (अ) शब्द-शक्ति का अर्थ बताते हुए अभिधा शब्द शक्ति पर प्रकाश डालिए । **14**

अथवा

लक्षणा शब्द शक्ति किसे कहते हैं ? समझाते हुए उसके भेद सोदाहरण समझाइए ।

(ब) सही विकल्प चुनकर तथा **एक-दो** वाक्य में उत्तर दीजिए : **4**

(1) वाचक शब्द से जो अर्थ ग्रहण किया जाता है उसे क्या कहते हैं ?

(a) वाच्यार्थ (b) व्यंग्यार्थ

(c) लक्ष्यार्थ (d) काव्यार्थ

(2) 'राम भीम हैं'...... वाक्य कौन-सी शब्द-शक्ति को प्रकट करता है ?

(a) अभिधा (b) लक्षणा

(c) व्यंजना (d) शाब्दी व्यंजना

(3) व्यंजना का अर्थ है

(a) ध्वनित करना (b) व्यंजित करना

(c) लक्षित करना (d) भ्रमित करना

(4) शब्द मुख्यतः कितने प्रकार के होते हैं ?

(5) भाषा के मूल प्रचलित शब्द को क्या कहा जाता है ?

(6) कौन-सी व्यंजना शब्द शक्ति में व्यंग्यार्थ किसी एक शब्द पर आधारित रहता है ?

3. (अ) रस के स्वरूप को समझाते हुए रस के अंग पर चर्चा कीजिए। **14**

अथवा

श्रृंगार, करुण एवं वीर रस का सोदाहरण परिचय दीजिए।

(ब) सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए : **3**

(1) कौन-सा भाव हमेशा सुषुप्तावस्था में रहता है ?

(a) स्थायी भाव (b) संचारी भाव

(c) अनुभाव (d) विभाव

(2) बीभत्स रस का स्थायी भाव कौन-सा है ?

(a) उत्साह (b) विस्मय

(c) जुगुप्सा (d) रति

(3) आ. भरतमुनि के रससूत्र को बताइए।

(4) संचारीभाव कुल कितने हैं ?

(5) किसको काव्य का प्राण तत्त्व माना गया है ?

4. (अ) अलंकार अर्थात् क्या ? समझाते हुए अनुप्रास, यमक, उपमा तथा रूपक अलंकारों का सोदाहरण परिचय दीजिए। **14**

अथवा

छंद के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए चौपाई, सोरठा, इंद्रव्रजा एवं शिखरिणी छंदों को सोदाहरण समझाइए।

(ब) सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए : 3

(1) 'काव्य शोभाकरान् धर्मान् अलंकारान् प्रचक्षते' किसकी परिभाषा है ?

(a) आ. भामह (b) आ. मम्मट

(c) आ. विश्वनाथ (d) आ. दण्डी

(2) किस छंद में मात्राओं की गिनती होती है ?

(a) वर्णिक छंद (b) मात्रिक छंद

(c) लयात्मक छंद (d) मुक्त छंद

(3) गण किसे कहते हैं ?

(4) चरण किसे कहते हैं ?

(5) 'काव्यालंकार' ग्रंथ की रचना किसने की थी ?